


हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 31 जुलाई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 नगय निकाय के कर्मचारियों को प्रतिमाह मिले वेतन



10 महंगी बिजली के विरोध में स्टील उद्योगों में तालाबंदी...





श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc.(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 9926129192
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com


## खबर संक्षेप

### शिव कथा सुनने गई महिलाओं की चेन पार

**भिलाई।** शिव महापुराण में महिलाओं का चेनस्नेचिंग करने करने वाली महिलाए पकड़ी गई। महिलाओं के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा स्थल से तीन महिलाओं के साथ चेन स्नेचिंग की घटना हुई है। पुलिस ने चार महिलाओं को पुलिस ने पकड़ा है। सभी महिलाएं एमपी की है। जंयती स्टेडियम में पं.प्रदीप मिश्रा का शिव महापुराण कथा चल रहा है। यहां सैकड़ों की संख्या में भक्तजन पहुच रहे है। कार्यक्रम में पहुंचे संदिग्धों पर पुलिस की नजर गई। टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि पकड़ी गई महिलाएं एमपी, कटनी की रहने वाली है। महिलाओं से पुलिस ने चेन जब्त किया है।

### फार्म हाउस में जबरन घुसकर मारपीट

**भिलाई।** फार्म हाउस में जबरन घूसकर गाली गलौज कर मारपीट करने वालो के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(5),296, 3(5), 351 (2) के तहत कार्रवाई किया है। जामगांव आर पुलिस ने बताया कि ग्राम कानाकोट निवासी तोरण लाल यादव दो वर्षो से नायडू कृषि फार्म में मुंशी का काम करता है। 27 जुलाई को कृषि फार्म में रूपेश पटेल के कमरे में रूका था। रात 9 बजे हम दोनों खाना खाकर बैठे थे। इस दौरान गेट तरफ से खुलने की आवाज सुनकर दोनों बाहर निकलने पर कृषि फार्म में जबरन बिट्टू, प्रिंस समेत अन्य लोग घुस गए। अज्ञात चार युवकों ने जमकर गाली गलौज कर बिट्टू , प्रिंस डंडा से मारपीट किया। इसके अलावा पीड़ितों को जान से मारने तक की धमकी दी। मारपीट करते समय पीड़ित के जेब से मोबाईल पैसा गिर गया। जो सुबह मिल गया है। मारपीट में रूपेश पटेल, मानसिंह को शहरी के विभिन्न हिस्सों में चोट आई है। फार्म हाउस के मालिक नाड्यू को फोन कर दी गई। डायल 112 को काल कर बुलाने पर रूपेश पटेल, मानसिंह आदि को उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए।

### केबल चोरी करने वाला पुलिस के चढ़ा हत्थे

**भिलाई।** केबल चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। धमधा थाना प्रभारी पीडी चंद्रा ने बताया कि सोनेसरार थाना धमधा निवासी दिलीप कुमार पटेल ने शिकायत किया था कि खार के खेत में लगे ट्यूबवेल पंप से 10 मीटर केबल चोरी हो गया। आसपास पता करने पर केबल की कोई जानकारी नहीं मिल पाई। घटना की शिकायत करने पुलिस के पास पहुचा। जहां पुलिस ने 24 घंटे के भीतर केबल चोर में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं तीन युवक अब भी फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस के पूछताछ में यह बात भी सामने आई कि गांव के जगजीवन वर्मा, चिन्ता राम वर्मा, दिनबंधु वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा के यहां भी केबल चोरी हुआ है। मुखबिर ने सूचना दिया कि गांव के बडे जंगल के पास चार युवक बाइक सीजी 04 सीएक्स 4802 और एक बिना नम्बर के वाहन में केबल तार रखकर जलाकर उससे तांबा निकाल रहे थे। जो पथरिया की ओर फरार हो गए।

# मुरुम डालकर पाट दिया तालाब, माहभर में नजर आ रही समतल जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

विकासखण्ड मुख्यालय बेरला में स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर के बाहर विगत दिनों अजीबोगरीब संदिग्ध गतिविधियों से हड़कंप मचा हुआ है। इसमें कथित जमीन कब्जेधारियों व बिल्डर्स द्वारा कॉलेज के आसपास सुंदरता बढाने वाले दशकों पूर्व पानी से भरे तालाब को सुखाकर पाट दिया गया है। यह कारनामा मात्र महीनेभर में अंजाम दिया गया है, जहाँ तालाब में मुरम डालकर समतलीकृत भी कर दिया गया है। अब पूरे तालाब में से एकमात्र छोटा सा हिस्सा नज़र आ रहा है, बाकी सभी जगह पर गाड़ी चलवाकर बराबर कर दिया गया है। साथ उक्त तालाब परिक्षेत्र की रेंज में बकायदा निर्माण के लिए बड़ी मात्रा में बिल्डिंग मटेरियल का भण्डारण भी किया गया है। वहीं, इस अजीबोगरीब घटनाक्रम से जहां पॉलिटेक्निक कॉलेज वालो सहित बेरलावासी भी हैरत में है। आखिर ब्लॉक व नगर मुख्यालय में खुलेआम पानी से भरे पड़े तालाब को मुरुम से पाटकर उसका अस्तित्व मिटाना एवं उसका समतलीकरण करके निजी उपयोग करना बड़ा ही गम्भीर बन गया है। हालांकि तालाब के पट जाने से जमीन को प्लाटिंग काटकर बेचने अन्यथा रेसिडेंशियल या कामर्शियल रूप में इस्तेमाल की योजना स्थानीय लोगों द्वारा बताई जा रही है।

**बेरला में पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास अब सिर्फ छोटा गड्ढा नजर आ रहा**



### कलेक्टर ने कहा, की जाएगी कड़ी कार्रवाई

इस संबंध में पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के स्टॉफ एवं छात्रों ने बताया कि पूरे कॉलेज कैम्पस का बाउंड्रीवाल नहीं होने से पास में हरियाली एवं तालाब का होना एक प्राकृतिक व मनोहारी दृश्य लगता था। उसमें पानी होने के कारण दिनभर पशुओं-मवेशियों की आमद रहती थी, किन्तु अब उक्त तालाब में मुरूम डालकर पाट दिया गया है, जो सही नहीं है। वहीं, इस विषय पर जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि उक्त घटनाक्रम पर प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आक्रोश : नाराज ग्रामीणों ने अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, मांगा मुआवजा

# बिना सूचना दिए खोल दिया जलाशय का गेट, 700 एकड़ में लगे धान के पौधे नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मटका के किसानों ने फसल मुआवजा की मांग को लेकर अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। गांव में 200 किसानों की कृषि भूमि है। जिसमें धान की फसल लगाई गई थी। लेकिन गांव के पास स्थित मटका जलाशय का गेट खोल दिया गया है। इससे पूरे पौधे डूबकर नष्ट हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि इस जलाशय के दीवार को एसडीएम, नायब तहसीलदार तहसीलदार, आरआई एवं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के अधिकारी द्वारा तोड़ा गया है।

ग्रामीणों के अनुसार 700 से 800 एकड़ की फसल पानी में डूबकर खत्म हो चुकी है। किसानों ने हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है। जलाशय का पानी निकासी के लिए आउटलेट बनाया गया है। जलाशय में जमा पानी धीरे-धीरे खाली भी हो जाता है। गेट के खोलने की आवश्यकता भी नहीं पड़ती। 2 से 3 दिवस के अंदर में गेट बंद नहीं किया जाता है, तो किसानों द्वारा नेशनल हाईवे रोड पर चक्का जाम किया जाएगा। इसकी सारी जवाबदारी प्रशासन जवाबदारी की होगी।



**ग्रामीणों ने गेट को तुरंत बंद करने की मांग की**



ग्रामीणों ने जलाशय के गेट को जल्द से जल्द बंद करने की मांग की है। साथ ही फसल क्षतिपूर्ति के लिए मुवाअजा राशि दिए जाने की मांग की है। इस दौरान रूपदास मानिकपुरी कोटवार, मालिक राम, संपत राम साहू, अभिनव राम साहू, शिवकुमार, सुरेंद्र कुमार साहू, दीनदयाल साहू, चेतन लाल, रामविलास साहू, टीकम ध्रुव, लीला राम साहू, चेतन लाल नोहर, मानसिंह साहू, चेतराम साहू, जागेश्वर साहू, टेकन ध्रुव उपस्थित रहे।

### जलाशय का गेट खोलने की जानकारी नहीं दी गई सरपंच को

30 एकड़ में फैले मटका जलाशय का गेट खोलकर अधिकारी अपने साथ ले गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में सरपंच को अवगत नहीं कराया गया। सरपंच की जानकारी बिना गेट खोला गया है। नतीजतन बारिश का पानी खेतों में घुसा और फसल को चौपट कर दिया। गेट खोलने से ग्राम मटका के किसान प्रभावित हुए हैं। जिनकी सैकड़ों एकड़ फसल पानी में डूब गई।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पानी भरने पर की गई कार्रवाई

जानकारी के अनुसार पास में पास में स्थित कॉलोनी में पानी भरने पर यह कार्रवाई की गई है। कॉलोनी में पानी भरने की शिकायत कर कॉलोनी वासियों ने व्यवस्था बनाने का आग्रह किया। इसके बाद मटका सरपंच व ग्रामीणों से गेट खोलने को लेकर कोई बात नहीं। बेमेतरा एसडीएम, नायब तहसीलदार, आरआई मौके पर पहुंचकर गेट खुलवाया।

# जनपद अध्यक्ष की बर्खास्तगी पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़



■ बेमेतरा कलेक्टर कोर्ट ने पदमुक्त करने का दिया था आदेश

जनपद पंचायत नवागढ़ अध्यक्ष के पद से बर्खास्तगी के मामले में सोमवार को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने अगली सुनवाई तक कलेक्टर के आदेश पर रोक लगा दी है। गौरतलब है कि बेमेतरा कलेक्टर ने 22 जुलाई को जनपद अध्यक्ष अंजली मार्कंडेय को बर्खास्त करने का आदेश जारी किया था, जिसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट में गुहार लगाई थी, जिसपर कोर्ट ने तत्काल के लिए राहत दी है।

उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रितेश शर्मा एवं सभापति लाखन सिंह ने अध्यक्ष के खिलाफ गम्भीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर के समक्ष शिकायत किया था। कलेक्टर ने जांच के आधार पर 12 मार्च को जनपद अध्यक्ष मार्कण्डेय को पदमुक्त कर दिया था। कलेक्टर के आदेश के खिलाफ अंजली मार्कण्डेय ने कमिश्नर कोर्ट में अपील की। फिर हाई कोर्ट में मुकदमा भी दायर किया था। हाई कोर्ट ने कमिश्नर को 30 दिन के भीतर निराकरण करने का आदेश दिया था। फिर कमिश्नर कोर्ट ने कलेक्टर को आदेशित किया था कि अंजली मार्कण्डेय को अपना पक्ष रखने का अवसर देते हुए विधि अनुकूल आदेश पारित करें। कलेक्टर ने पुनः सुनवाई के बाद 22 जुलाई को आदेश देते हुए शिकायत को जांच में सही पाते हुए अंजली मार्कण्डेय को अध्यक्ष पद से मुक्त कर दिया गया था।

कलेक्टर के आदेश के खिलाफ अंजली मार्कण्डेय ने फिर उच्च न्यायालय में गुहार लगाई थी। सोमवार को कोर्ट ने सुनवाई करते हुए अगली सुनवाई तक के लिए अध्यक्ष की बर्खास्तगी के आदेश पर रोक लगा दी है।

### अगली सुनवाई तक के लिए स्टे

22 जुलाई को नवागढ़ जनपद के अध्यक्ष को पद से हटाने का आदेश दिया गया था। इस पर जज पीपी साहू ने अगली सुनवाई तक के लिए स्टे ऑर्डर दिया दिया है।

- शैलेंद्र कुमार बाजपेयी, अधिवक्ता (अंजली मार्कण्डेय के पक्ष)

# चौपाटी में फिर शान से लहरा रहा तिरंगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधायक दीपेश साहू ने जनप्रतिनिधि साथियों के साथ नगर में स्थित चौपाटी का निरीक्षण किया और दुकानदारों से हाल चाल जाना। इस दौरान नगर पालिका को स्वर्णिम और समृद्ध बनाने के संकल्प को लेकर चौपाटी के सौन्दर्यीकरण के लिए जनप्रतिनिधियों और दुकानदारों से चर्चा कर राय ली।

इस दौरान विधायक साहू ने कहा कि बेमेतरा के नेशनल हाईवे पर स्थित चौपाटी में पिछले कार्यकाल में शहर का सबसे ऊंचा खम्बे पर देश का तिरंगा झंडा लगा गया था, जो भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया था। लाखों खर्च करने पर भी सालों से वहाँ फटा पुराना झंडा लगा रहा। पर पिछली सरकार और कांग्रेस शासित नगर पालिका अध्यक्ष प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया और चौपाटी जैसे पौष नेशनल हाईवे पर जहाँ रोज हजारों लोगों का आना जाना लगा होता है। खुले आम देश के आन बान और शान के प्रतीक तिरंगा झंडा का अपमान हो रहा था। वह क्षेत्र भी वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष का वार्ड है। फिर भी झंडा पर ध्यान न देते हुए केवल कमीशन का खेल खेलते रहे। लेकिन आज समय बदल चुका है बेमेतरा में भाजपा की सरकार है। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने ने कहा की विधायक जी जब यह सब देखे तो तत्काल देश के सम्मान का प्रतीक तिरंगे झंडे का न सिर्फ मंगवाया बल्कि खम्बे में लगवाया। अब विधायक के प्रयास से आज बड़े शान से विशाल तिरंगा झंडा चौपाटी में लहरा रहा है। लोगों में इस बात के लिए विधायक को धन्यवाद आभार करते हुए बधाई शुभकामनाएं देते हुए आगे भी इसी पिछली कॉंग्रेस सरकार की गलती कमी को सुधार कर पूरे शहर विकास के कार्य करने की बात कही। चौपाटी में तिरंगा झंडा लगा कर मुआयना के लिए आये विधायक दिपेश साहू के साथ विजय सिन्हा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका, विकास तम्बोली जिला भाजपा कार्यालय मंत्री, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री होरीलाल सिन्हा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, ▶▶| शेष पेज 11 पर

■ विधायक दीपेश ने चौपाटी स्थित दुकान संचालकों से मुलाकात कर जाना हालचाल

# राजकीय सम्मान के साथ किया गया बीएसएफ जवान का अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला मुख्यालय के वार्ड नम्बर 15 नयापारा स्थित क्षेत्र निवासी बीएसएफ जवान प्रयाग राज तिवारी का पार्थिव शरीर चार दिनों बाद मंगलवार को पैतृक गांव बेमेतरा में पहुंचा।

किशन गंज में पदस्थ जवान के पार्थिव शरीर को लेकर बीएसएफ का विशेष वाहन जैसे ही गांव पहुंचा, तो पूरे इलाके का माहौल गमगीन हो गया। मृतक जवान प्रयागराज तिवारी के सम्मान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में मानव श्रृंखला बनाकर जवान के पार्थिव शरीर लेकर बेमेतरा पहुंची गाड़ी और बीएसएफ के काफिले पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धांजलि दी गई। राजकीय सम्मान के साथ उन्हें सलामी दी गई। शव को देखकर परिजन रोने-बिलखने लगे। आसपास के लोगों ने परिजनों को ढाढ़स बंधाया। उसके बाद बेमेतरा के स्थानीय सिंघौरी श्मशान घाट में बीएसएफ जवान प्रयाग राज तिवारी को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी गई। उसके बाद उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की समस्या सुनी, निराकरण का आश्वासन

# आईजी ने रक्षित केन्द्र बेमेतरा में लगाया दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मंगलवार को रामगोपाल गर्ग पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग ने पुलिस विभाग जिला बेमेतरा का वार्षिक निरीक्षण किया। जिला आगमन पर परेड कमाण्डर कृष्णकांत सिंह के नेतृत्व में पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज को सलामी दी गई। सलामी उपरांत पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज द्वारा परेड एवं शासकीय वाहनों का निरीक्षण कर पौधारोपण किया गया। निरीक्षण के दौरान रक्षित केन्द्र बेमेतरा में दरबार लगाया गया। इस दौरान आईजी ने अधिकारी व कर्मचारियों की समस्याओं को सुना औऱ जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में रामकृष्ण साहू पुलिस अधीक्षक एवं ज्योति सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में जिले के समस्त अधिकारी एवं थाना, चौकी व शाखा प्रभारियों की मीटिंग ली गई। आईजी ने मीटिंग में थानों में लंबित अपराधों, मर्ग, गुम इंसान का शीघ्र निराकरण करने एवं थाना क्षेत्रों के अवैध अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। थाना व चौकियों में आने वाले आवेदको के साथ सदव्यवहार करते हुये उनके समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने को कहा। उक्त बैठक में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय राजेश कुमार झा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की, अनुविभागीय अधिकारी बेरला तेजराम पटेल, उप पुलिस अधीक्षक महिला विरूद्ध अपराध कौशिल्या साहू, उप पुलिस अधीक्षक यातायात कमलनारायण शर्मा, प्रभारी रक्षित निरीक्षक कृष्णकांत सिंह सहित समस्त थाना व चौकी प्रभारी व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।





### मैग्जीन भवन का उद्घाटन

सोमवार को रामगोपाल गर्ग पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग ने जिले के वार्षिक निरीक्षण के दौरान रक्षित केन्द्र बेमेतरा में पीसी एण्ड आर मद से 20 लाख रूपये के लागत से बने नवनिर्मित मैग्जीन भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान रामकृष्ण साहू पुलिस अधीक्षक एवं ज्योति सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भी उपस्थित थे।

### खपरी जलाशय ओवरफ्लो, तादुंला 68 व खरखरा 70 फीसदी

**भिलाई।** सोमवार का दिन ट्विनसिटीवासियों के लिए राहत की रही। पूरे दिन बारिश नहीं हुई और मौसम खुला रहा। लगातार आठ दिन के बाद मौसम खुला मिला। इधर लगातार बारिश होने से जलाशयों की स्थिति अच्छी होने लगी है। इस सीजन में पहली बार खपरी जलाशय में क्षमता से अधिक पानी भर गया है। यह जलाशय 110 साल पहले बनाया गया था। यहां 110 प्रतिशत जलभराव हो गया है। वहीं प्रमुख जलाशय तांदुला में 68 प्रतिशत पानी भर गया है। खरखरा जलाशय में 70 प्रतिशत पानी है। वहीं मौसम विभाग ने आगे और बारिश की चेतावनी दी है। इस स्थिति में जलाशयों में पर्याप्त जलभराव हो सकेगा।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

**खबर संक्षेप**



### ईडब्लूएस छत्तीसगढ़ परिवार संघ का गठन प्रीतम बने प्रदेश अध्यक्ष

**रायपुर।** राजधानी में नगरीय निकाय ईडब्लूएस छत्तीसगढ़ परिवार संघ का गठन किया गया। इस संगठन में प्रधानमंत्री आवास एवं ईडब्लूएस आवास में रहने वाले परिवार के लोगों ने पदाधिकारियों का चुनाव किया। इस मौके पर प्रदेश के सभी शहरों से प्रतिनिधि दलदल सिवनी स्थित प्रधानमंत्री आवासीय परिसर फेज 2 के सामुदायिक भवन में जुटे। चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष के रूप में प्रीतम महानंद और कार्यकारी अध्यक्ष सूरज यादव, उपाध्यक्ष अशोक गेंदले, अनुपम इंगले, कोषाध्यक्ष अजीम अली निर्वाचित हुए।

### हरे माधव दरबार में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व



**रायपुर।** महावीर नगर स्थित हरे माधव दरबार साहिब में गुरु पुर्णिमा का पावन पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब के कटनी से पधारे सेवादारों ने हरे माधव सत्संग किया। हरे माधव दरबार साहिब के 1 वर्ष पूरा होने पर माधव बाल संस्कार व वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### खेलकूद परिसर, छात्रावास निर्माण में लापरवाही प्रभारी उपायुक्त निलंबित

**रायपुर।** वनवासी विकास समिति के लिए 15 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन छात्रावास, खेलकूद परिसर में गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप में प्रभारी उपायुक्त संदीप साहू को निलंबित किया गया है। श्री साहू का निलंबन आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर किया गया। उनके खिलाफ बगैर प्रशासकीय तथा तकनीकी स्वीकृति के निर्माण कार्य कराने के आरोप हैं।



### मिनीमाता स्मृति दिवस 11 अगस्त को, तैयारी को लेकर समाज की बैठक



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद व सतनामी समाज की गुरुमाता स्व. मिनीमाता की 52वीं पुण्यतिथि पर राजधानी में 11 अगस्त को स्मृति दिवस और प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में सतनामी समाज की बैठक हुई, जिसमें 11 अगस्त को राजधानी में आयोजित होने जा रहे कार्यक्रम को अंतिम रूप देकर कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां बांटी गईं। साथ ही प्रचार-प्रसार के लिए निमंत्रण कार्ड का वितरण किया गया।

### अभियंता संघ की बैठक में विद्युत कंपनी के कई मुद्दों पर चर्चा



**रायपुर।** डगनिया स्थित अभियंता संघ के कार्यालय में सोमवार को अभियंता संघ की कार्यकारिणी की बैठक हुई। जहां उपस्थित कार्यकारिणी ने विद्युत कंपनी के विभिन्न मुद्दों पर संज्ञान किया और ओपीएस के मुद्दे पर एक सुर में लागू करने का निर्णय लिया। इसके अलावा टेक्नीकल अलाउंस, इंजीनियर्स के प्रमोशन, पुरानी सीआर पद्धति को लागू करने इत्यादि मुद्दों पर निर्णय लिया गया। एमडी भीम सिंह का स्वागत करते हुए संघ ने सभी पर चर्चा कर जल्द पूरा करने का भरोसा दिया। इसके पूर्व कंपनी के एमडी डिस्ट्रीब्यूशन का स्वागत कार्यकारिणी ने किया।

# पीईटी में 8 प्रतिशत छात्रों को मिले 50 प्रतिशत से अधिक अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**अलग खबर**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा सोमवार को पीपीएचटी अर्थात प्री फॉर्मेसी टेस्ट के परिणामों की घोषणा कर दी गई है। 80.66 प्रतिशत के साथ स्वाति साहू प्रथम स्थान पर रही हैं। इसके पूर्व पिछले सप्ताह व्यापम द्वारा पीईटी और पीपीटी के परिणामों की घोषणा की गई थी।

इन तीनों ही प्रवेश परीक्षाओं में 50 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या अत्यंत कम है। पीईटी में शामिल छात्रों में से सिर्फ 7.78% अभ्यर्थी ही ऐसे हैं, जिन्हें 50 प्रतिशत अथवा उससे अंक मिले हैं। पीपीटी और पीपीएचटी में भी यह आंकड़े विशेष अधिक नहीं हैं। पीपीटी में 1.8% और पीपीएचटी में 1.9% छात्र 50 प्रतिशत अथवा उससे अंक हासिल करने में कामयाब रहे हैं। प्रदेश के इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में रिक्त सीटों की स्थिति को देखते हुए बीते कई सत्रों से पीईटी में शून्य अंक लाने वाले छात्रों को भी प्रवेश दिए जा रहे हैं। इसके पूर्व इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाओं में कम से कम 10 प्रतिशत अंक हासिल करने अनिवार्य होते थे।

हालांकि इस बार पीईटी में शून्य अंक किसी को भी नहीं मिला है। 10 से कम अंक भी मात्र एक ही छात्र को मिला है। पीईटी में 12 हजार 68 छात्र शामिल हुए थे।

**व्यापम ने सोमवार को जारी किए पीपीएचटी के परिणाम, पीपीटी-पीपीएचटी में मात्र 2% कैंडिडेट्स ने स्कोर किए 50 प्लस**

#### 18 हजार ने दिलाई थी परीक्षा, सिर्फ 356 को 50 प्लस

व्यापम द्वारा पीपीएचटी के परीक्षा परिणाम और मेरिट लिस्ट सोमवार को आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, 18 हजार 371 छात्र प्री फॉर्मेसी टेस्टमें शामिल हुए थे। इनमें से मात्र 356 छात्रों को ही 50 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक हासिल हो सके हैं। जो परीक्षा में शामिल छात्रों का 1.9% है। 12 हजार 857 छात्रों को 25% से अधिक अंक मिले हैं। मात्र एक छात्र को शून्य अंक मिले हैं।




■ पीईटी में शून्य अंक किसी को नहीं, लेकिन 12 हजार में से सिर्फ 940 को मिले आधे से अधिक अंक

#### पीपीटी में किसी को भी 80 प्रतिशत अंक नहीं

प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट के परिणाम भी विशेष उल्लेखनीय नहीं रहे हैं। पीपीटी में एक भी छात्र 80 प्लस स्कोर नहीं कर सका है। प्रथम स्थान पर रहने वाले विद्यार्थी को 78 प्रतिशत अंक मिले हैं। इसी तरह 50 से अधिक अंक लाने वाले छात्रों की संख्या सिर्फ 200 है। 8 हजार 637 छात्रों को 25 प्रतिशत अथवा उससे अधिक नंबर मिले हैं। इसमें भी शून्य अंक हासिल करने वाले छात्र सिर्फ एक ही है। 10 हजार 747 छात्रों ने यह परीक्षा दिलाई थी।

## डिप्टी सीएम अरुण साव बोले- उद्योगों से बात करके करेंगे समस्या का समाधान

# महंगी बिजली के विरोध में स्टील उद्योगों में तालाबंदी, कहा- संचालन संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

प्रदेश के स्टील उद्योगों ने महंगी बिजली का हवाला देते हुए सोमवार की रात से प्रदेशभर के दो सौ से ज्यादा स्टील उद्योगों में तालाबंदी कर दी है। उद्योगपतियों का कहना है, महंगी बिजली से उद्योग चलाना संभव नहीं है। ऐसे में हम उद्योग बंद कर रहे हैं।

इस मामले में जहां उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने यह कहा है कि प्रदेश में दूसरे राज्यों से बिजली की कीमत कम है, वहीं यह भी कहा है कि उद्योगों से बात करके समस्या का हल निकाला जाएगा। नियामक बिजली आयोग के पूर्व सचिव पीएन सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर स्टील उद्योगों पर भ्रम फैलाने की बात कहते हुए बताया है टैरिफ में बिजली 25 पैसे महंगी की गई है जो चार फीसदी है, जबकि स्टील उद्योग इसको 25 फीसदी बिजली महंगी होने की बात कर रहे हैं। बिजली नियामक आयोग ने जून से बिजली का नया टैरिफ जारी किया है। इसमें सभी वर्गों की बिजली महंगी की गई है। इसके बाद से स्टील उद्योगों ने महंगी बिजली की बात करते हुए मोर्चा खोल दिया है। मुख्यमंत्री से लेकर वित्त मंत्री, उद्योग मंत्री, पॉवर कंपनी के एमडी से स्टील उद्योग मिल चुका है और अपनी मांग सबके सामने रखी है। लेकिन अब तक कोई बात न बनने के कारण उद्योगों ने सोमवार को बैठक करने के बाद सोमवार की रात 12 बजे से उद्योगों में ताला लगाने का फैसला किया है।



#### साव बोले- उद्योगों से बात करके समस्या का करेंगे समाधान



प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव ने स्टील उद्योगों के बंद करने के फैसले को लेकर कहा, अपने प्रदेश में बिजली की कीमत वैसे भी दूसरे राज्यों से कम है। इसके बाद भी उद्योगों से बात करके उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। हमारी सरकार उद्योगों को हर तरीके से सुविधा पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है।

#### मुख्यमंत्री को पत्र- भ्रम फैला रहे महंगी बिजली का

बिजली नियामक आयोग के पूर्व सचिव और छत्तीसगढ़ रिटायर पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पीएन सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को स्टील उद्योगों पर महंगी बिजली का भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए बताया है कि 25 फीसदी बिजली महंगी होने की बात स्टील उद्योग कर रहे हैं, जबकि बिजली चार फीसदी महंगी हुई है। लोड फैक्टर में अब भी उद्योगों को 10 फीसदी की छूट है। इसी के साथ पहले ऑफ पीक आवर में 6 घंटे ही बिजली की दर 80 फीसदी लगती थी, उसमें भी दो घंटे का इजाफा किया गया है। जुलाई में जो जून का बिल आया है, उसमें मई का एफपीपीएएस 9.2 फीसदी लगा है। यह जून में कम हो जाएगा, संभव है कि एक फीसदी भी न लगे। अगर प्रदेश सरकार उद्योगों को 50 पैसे प्रति यूनिट की सब्सिडी देगी तो इससे सरकार को 600 करोड़ का भार पड़ेगा। एक रुपए की सब्सिडी पर 12 सौ करोड़ का भार पड़ेगा। राज्य में बिजली आर्पूित की दर 6.92 रुपए इससे कम दर पर बिजली देने का एक्ट में ही प्रावधान नहीं है।

# सावन की ऐसी मार, रोज 55 लाख अंडों का कम हो गया कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ अंडों के बड़े उत्पादक राज्यों में गिना जाता है। यहां पर रोज 80 लाख अंडों का उत्पादन होता है। इसमें से करीब 35 से 40 फीसदी अंडे दूसरे राज्यों में जाते हैं और बाकी की खपत अपने राज्य में होती है। इस समय सावन की ऐसी मार पड़ रही है कि रोज 55 लाख अंडों का कारोबार कम हो गया है। जहां एक तरफ अपने राज्य में खपत आधी हो गई है, वहीं अन्य राज्यों से कोई डिमांड नहीं है। कुल मिलाकर एक दिन में मुश्किल से 25 लाख अंडों की ही खपत हो रही है। कम डिमांड होने के बाद भी चिल्हर में कीमत ज्यादा है। जहां पोल्ट्री में कीमत 4.20 रुपए है, वहीं थोक में 5.00 रुपए और चिल्हर में 6.00 रुपए है। एक माह तक अंडों का स्टॉक कोल्ड स्टोरेज में करना पड़ेगा।

अंडे खाने के मामले में अपने राज्य के लोग कम नहीं हैं। सामान्य समय में अपने राज्य में रोज 50 लाख से ज्यादा अंडों की खपत होती है। ठंड में जो रोज 80 लाख अंड अपने राज्य के लोग खा जाते हैं। लेकिन सावन के कारण यह खपत 20 से 25 लाख पर आकर अटक गई है। एक माह तक यही स्थिति रहने वाली है। जहां अपने राज्य में अंडों की डिमांड आधी हो गई है, वहीं अन्य राज्यों से भी कोई डिमांड न होने के कारण अंडों का कारोबार करने वाले पोल्ट्री फार्म के कारोबारी परेशानी में हैं।

**छत्तीसगढ़ में रोज 80 लाख का उत्पादन, डिमांड महज 30 लाख**



#### चिल्हर में कीमत ज्यादा

अंडों की खपत कम होने के बाद भी चिल्हर में कीमत छह रुपए है। इसको लेकर कारोबारियों का कहना है कि जिन चिल्हर दुकानों में सामान्य समय में दो से तीन हजार अंडों की रोज खपत होती है। सावन में 500 अंडे भी नहीं बिक पा रहे हैं। ऐसे में कम कीमत रखने पर तो दुकानों का खर्च भी नहीं निकल पाएगा।

#### खपत 70 फीसदी कम

अंडों की खपत 70 फीसदी कम हो गई है। 30 फीसदी खपत ही अपने राज्य में हो रही है। दूसरे राज्यों में अंडा जा ही नहीं रहा है।

- **धनराज बैनर्जी,** पोल्ट्री कारोबारी

#### रोज का स्टॉक संभालना बड़ी चुनौती

डिमांड 70 फीसदी कम होने के कारण रोज पोल्ट्री फार्म वालों के पास 55 लाख अंडे बच रहे हैं। इतने ज्यादा अंडों को रखने के लिए ज्यादातर पोल्ट्री फार्म वालों के पास स्थान नहीं है। सावन के पहले सप्ताह के स्टॉक को संभाल लिया गया है, लेकिन अब इस सप्ताह से स्टॉक को गोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ेगा। एक माह में करोड़ों अंडों का स्टॉक जमा हो जाएगा। इसके पहले कोरोना काल में लॉकडाउन के समय भी 20 करोड़ से ज्यादा अंडों को कोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ा था।

**एनआरडीए ने फिर सौंपा उसी एजेंसी को ठेका**

# बीआरटीएस बस सेवा के कर्मचारी 6 साल से एक वेतनमान में कर रहे ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर से नवा रायपुर के बीच तत्पर बीआरटीएस बस सेवा के कर्मचारी न्यूनतन वेतनमान में पिछले 6 साल से सेवा दे रहे हैं। इसके बाद भी कर्मचारियों का वेतन बढ़ाया नहीं गया है। वेतन बढ़ाने को लेकर आरंग क्षेत्र के विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने नवा रायपुर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) को पत्र भी लिख चुके हैं।

इस पत्र के बाद एनआरडीए ने अनुबंध करने वाली एजेंसी साइंस शिक्षण समिति को कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने के लिए कोई निर्देश नहीं दिया गया है। इधर सूत्रों से पता चला है कि एनआरडीए ने जिस एजेंसी से बीआरटीएस के कर्मचारी उपलब्ध कराने का अनुबंध किया था, उस एजेंसी का अनुबंध खत्म होने के बाद दोबारा उसी को ठेका दे दिया है। इससे बीआरटीएस के कर्मचारियों में निराशा है।

#### 70 कर्मचारी पदस्थ

बीआरटीएस से अनुबंध करने वाली एजेंसी ने केयर कलेक्शन, सिक्यूरिटी गार्ड व हाउस किपिंग मिलाकर करीब 70 कर्मचारियों को पदस्थ किया है। सूत्र के अनुसार इन सभी कर्मचारियों की सैलरी 9 से 10 हजार रुपए बतायी जा रही है। इन कर्मचारियों का वेतन पिछले 6 साल से एजेंसी ने बढ़ाया नहीं है। इसे लेकर कर्मचारियों में नाराजगी व्याप्त है। कुछ कर्मचारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि हम लोगों ने मार्च 2024 में इसकी शिकायत आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब से की थी। इसके बाद उन्होंने कर्मचारियों के मांग के समर्थन में एनआरडीए के कार्यपालन अभियंता को पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने कर्मचारियों का उचित न्यूनतम वेतन भुगतान कराने की मांग की थी।

#### बसों के कम संचालन के कारण यात्रियों को खड़े होकर करना पड़ रहा सफर

एनआरडीए ने रायपुर से नवा रायपुर के बीच सफर करने वाले यात्रियों को हर आधे घंटे में बस की सुविधा मिले। इसके लिए 30 बसों की खरीदी की थी। अनुबंध भी 30 बसों संचालन को लेकर किया गया है, लेकिन एजेंसी द्वारा 13 बसों के चलाने के कारण न ही यात्रियों को 30 मिनट के अंदर स्टॉपेजों में न ही बस मिल पाती है और न ही बैठने के लिए सीट। इस कारण यात्री भी मजबूरी में समय पर पहुंचने के लिए खड़े होकर सफर करना पड़ रहा है।

#### बीआरटीएस की 30 में 13 बसें ही सड़कों पर दौड़ रही

एनआरडीए ने तत्पर बीआरटीएस ने 10 करोड़ से अधिक की राशि खर्च कर 30 एसी बीआरटीएस बसों की खरीदी की थी। इसके लिए नया रायपुर में सुविधायुक्त बस डिपो, वर्कशॉप, इंटेलिजेंट ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम लगाया हुआ है। इन बसों के संचालन के लिए एनआरडीए ने जिस एजेंसी को पूर्व में ठेका दिया है। उस एजेंसी ने कोविड काल से लेकर अनुबंध खत्म होने तक 30 में सिर्फ 13 बसें ही संचालित की थी। इसके कारण रायपुर से नया रायपुर के मध्य यात्रियों को सफर करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ा था। सूत्र से पता चला है कि एजेंसी का अनुबंध खत्म होने के बाद दोबारा इसका ठेका उसी एजेंसी को दे दिया गया है। इसके कारण एजेंसी मनमाने रूप से अभी भी 13 बसों को ही संचालन सड़कों पर करा रहा है। इसके कारण यात्रियों की परेशानी अभी भी बनी हुई है।

# चैंबर संविधान पर फैसला दो दिन बाद, 1 अगस्त को दोबारा सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संविधान पर फैसला लेने सोमवार को दोपहर 12 बजे नवा रायपुर स्थित फर्म्स एवं संस्थाएं कार्यालय में रजिस्ट्रार के समक्ष सुनवाई प्रारंभ हुई। पूर्व चैंबर अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी, पूर्व विधि-विधायी मंत्री शिव ग्वालानी, पूर्व उपाध्यक्ष वासु जोतवानी की अपील और शिकायत का जवाब देने के लिए रजिस्ट्रार के पास मनमोहन अग्रवाल, जय नैनवानी, उत्तम गोलछा के साथ चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी और चैंबर महामंत्री अजय भसीन तथा चैंबर की तरफ से 4 अधिवक्ता पेश हुए। संविधान पर फैसले को लेकर दोबारा सुनवाई 1 अगस्त को होगी। चैंबर संविधान को लेकर हुई सुनवाई के दौरान अपील के दस्तावेज और संविधान स्टे के दस्तावेज न मिलने की बात कहकर समय मांगा और दस्तावेज भी मांगे। शिकायती पक्षकारों द्वारा दस्तावेज पहले ही दिए जाने की बात कही।

■ नवा रायपुर में रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं कार्यालय में रजिस्ट्रार के समक्ष हुई सुनवाई

#### मुख्य चुनाव अधिकारी भंसाली ने किया पदभार ग्रहण



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज भंसाली ने सोमवार को चैंबर कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। साथ ही चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति की। प्रकाश गोलछा, बालकृष्ण दानी, रमेश गांधी, केसी महेश्वरी, अनिल कुचेरिया, महावीर तालेड़ा, संजय देशमुख तथा एसएम रावते चुनाव कार्यालय सचिव, एचएस कर मुख्य निर्वाचन नियंत्रक बैठक में शामिल रहे। बैठक में चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए चर्चा की गई। बैठक के अंत में पूर्व निर्वाचन अधिकारी स्व. संतोष गोलछा व स्व. रमेश बाबरिया को चुनाव प्रक्रिया में योगदान के लिए याद किया गया। इस आशय की जानकारी मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज भंसाली ने दी।

# कॉलेज संचालक को सौंपा नोटों का बंडल, छात्रों को ना ठगने का आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



एनएसयूआई द्वारा गैर मान्यता प्राप्त पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट के खिलाफ सोमवार को उग्र धरना-प्रदर्शन किया गया। छात्रों ने श्रृष्टि पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट पर आरोप लगाते हुए कहा है कि यहां मान्यता के बगैर डीएमलटी और बीएमएलटी पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। एनएसयूआई का कहना है कि इंस्टिट्यूट द्वारा छात्रों को भ्रमित कर एवं गलत जानकारी देकर ठगा जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य में मेडिकल पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए बनाए गए नियमों का किसी भी स्तर पर पालन नहीं हो रहा है। एनएसयूआई ने कॉलेज डायरेक्टर को नोटों का बंटल देकर आग्रह किया कि वे एनएसयूआई से पैसे ले लें, परंतु छात्रों को ठगना बंद करें। प्रदर्शन के दौरान विशाल कुकरेजा, वैभव मुजेवार, प्रशांत चंद्राकर, जोंटी गिल, दिव्यांश श्रीवास्तव, आलोक सिंह, भूपेन्द्र साहू, रूपेन्द्र जांगड़े, कृश सहारे, तिशीर, यश, रोहन, पार्थ, प्रिंस सहित अन्य एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

■ बगैर मान्यता पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट संचालित करने का आरोप

#### मध्यप्रदेश में जाकर देते हैं परीक्षा

रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ। एनएसयूआई के अनुसार, रायपुर में बहुत से गैरमान्यता प्राप्त इंस्टिट्यूट का संचालन फर्जी तरीके से किया जा रहा है। छात्रों को इंस्टिट्यूट मान्यता होने का झांसा देकर दाखिला लेती है, किंतु बाद में छात्रों को धोखा मिलता है। बीएमएलटी तथा डीएमलटी पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल से एनओसी प्राप्त करना होता है। इसके अलावा पैरामेडिकल काउंसिल से उक्त पाठ्यक्रम के संचालन के लिए रजिस्ट्रेशन नंबर भी प्राप्त करना अनिवार्य होता है। इसके अलावा 100 बिस्तरों का अस्पताल होना भी अनिवार्य है, लेकिन प्रबंधन द्वारा दो कमरों में संस्थान का संचालन किया जा रहा है। इन छात्रों को परीक्षा दिलाने मध्यप्रदेश के विभिन्न विश्विद्यालय में ले जाया जाता है।

# जिस स्टेशन में एक्सप्रेस का स्टॉपेज नहीं, वहां रोजाना चेन पुलिंग, 24 यात्रियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेनों में चेन पुलिंग को रोकने रेलवे बोर्ड ने सभी जोन व मंडल को विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है। राजधानी में चेन पुलिंग के मामलों को कम करने अब आरपीएफ एक्शन मोड में आ चुकी है। यात्रियों को अपील करने के साथ-साथ अब सीधे कार्रवाई की जा रही है। आरपीएफ कमांडेंट रमन कुमार ने सोमवार को टीम बनाकर ने विभिन्न स्टेशनों में कार्यवाही का आदेश दिया, जिसके बाद टीम ने एक साथ ट्रेनों में बेवजह चेन पुलिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। भिलाई पावर हाउस में टीटीई द्वारा यात्रियों का टिकट चेक करने पर पाया गया कि अधिकतर यात्री दुर्ग तक यात्रा करने का टिकट रखे थे, लेकिन ट्रेन में चेन खींच कर उतर गए।



**जहां स्टॉपेज नहीं, वहां चेन पुलिंग अधिक :** अलार्म चेन खींचना पूरे भारत में रेल सेवाओं के देरी से चलने के लिए एक प्रमुख कारण है। किसी भी रेलगाड़ी के असामान्य रूप से रुकने से न केवल उस विशेष रेलगाड़ी की समयबद्धता प्रभावित होती है, बल्कि उसके पीछे चलने वाली सभी रेलगाड़ियों की समयबद्धता भी प्रभावित होती है, साथ ही रेल यात्रियों का बहुमूल्य समय भी बर्बाद होता है। रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा ट्रेन नंबर 18202 नौतनवा-दुर्ग में बिना उचित कारण के चेन खींचने वाले लोगों पर कार्रवाई की गई। ट्रेन थ्रु पास होते ही चेन पुलिंग हॉर्न के कारण रुक गई तुरंत वहां पर मौजूद आरपीएफ के अधिकारी व बल सदस्य हरकत में आ गए।

#### कार्रवाई जारी

यात्रियों से है कि वे बिना किसी उचित कारण के छोटी-मोटी वजहों से ट्रेनों में अलार्म चेन खींचने से बचें और इसका सहारा केवल आपातकालीन स्थितियों के दौरान ही लिया जाना चाहिए। लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है, ताकि ट्रेन का परिचालन समय पर हो।

- *रमन कुमार*
*कमांडेंट, आरपीएफ*

# आपसी रंजिश पर युवक का अपहरण कर की हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धरसींवा विधानसभा क्षेत्र से सटे मांढर में मिले युवक की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। हत्या के आरोप में पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। हत्या की वजह आपसी रंजिश बताई जा रही है। मृतक के खिलाफ पूर्व में धरसींवा में चार आर्म्स एक्ट तथा उरला में डकैती का अपराध दर्ज है। घटना में शामिल तीन बदमाश अब तक फरार हैं। बदमाशों ने युवक को उसके घर से अपहरण कर अपने साथ ले जाकर चाकू से गोदकर हत्या की है।


पुलिस के मुताबिक गिरौद निवासी लिकेश पटेल की हत्या के आरोप में बसंत निषाद, लुकेश्वर पटेल, भूपेन्द्र वर्मा, मनीष सागरवंशी को गिरफ्तार किया गया है। परिजनों ने पुलिस को बताया है कि गांव के रहने वाले मनीष, लुकेश्वर तथा बसंत, लिकेश को घर से जबरन अपने साथ बाइक में बैठाकर ले गए। परिजनों के मुताबिक तीन बाइक में छह से सात बदमाश सवार थे। इसके बाद बदमाशों ने लिकेश की हत्या करने के बाद मांढर के पास एक खेत में फेंक दिया।



#### बदमाशों ने कहा- तुम्हारे भाई को चाकू मार दिया

लिकेश की बहन ने पुलिस को बताया है कि उसके भाई की हत्या करने के बाद बदमाशों ने उसके घर के पास आकर उसे उसके भाई को चाकू मारने की बात कही। बदमाश मृतक को जब अपने साथ बाइक पर बैठाकर ले जा रहे थे, तब मृतक की बहन ने बदमाशों से कहा था कि उसके भाई को कुछ नहीं होना चाहिए। पूर्व में भी मारने की कोशिश कर चुके हैं पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक लिकेश तथा हत्या के आरोपी एक ही गांव के हैं और आसपास के रहने वाले हैं। लिकेश का बदमाशों के साथ लंबे अरसे से विवाद चला आ रहा था। पुलिस के अनुसार बदमाश पूर्व में भी लिकेश को मारने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन कामयाब नहीं हुए। इसके बाद बदमाशों ने लिकेश का उसके घर से अपहरण कर हत्या कर उसकी लाश खेत में फेंक दी।

## खबर संक्षेप



### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिले सांसद बृजमोहन

**रायपुर।** संसद भवन नई दिल्ली में सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मुलाकात की। इस अवसर पर रायपुर के पूर्व सांसद सुनील सोनी, छत्तीसगढ़ भाजपा संगठन के पदाधिकारी प्रीतेश गांधी, ललित जयसिंह भी मौजूद रहे।

### राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं



**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से सोमवार को राजभवन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सौजन्य मुलाकात कर उनके सुदीर्घ और स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, राज्यपाल श्री हरिचंदन के मार्गदर्शन में प्रदेश ने प्रगति के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने आशा व्यक्त कि राज्यपाल का स्नेह इसी प्रकार उन्हें और छत्तीसगढ़वासियों को मिलता रहेगा। इस अवसर पर राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

### छत्तीसगढ़ महिला आयोग की सदस्यों का कार्यकाल समाप्त



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्यों का कार्यकाल 27 जुलाई 2024 को समाप्त हो गया। सदस्यों को 3 वर्ष पूर्व नियुक्त किया गया था। कार्यकाल समाप्त होने पर सोमवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सदस्य नीता विश्वकर्मा (सरगुजा), अर्चना उपाध्याय (कोरबा) एवं बालो बघेल (बस्तर) को मेमेंटो, श्रीफल व शॉल भेंटकर उन्हें सम्मानित किया गया।

5 सदस्यों की हुई थी नियुक्ति

महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक के निर्देश पर सदस्यों कर विदाई समारोह कार्यक्रम आयोग मुख्यालय में किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. नायक, आयोग के सदस्य सचिव मनोज कुमार, सहायक संचालिका पुष्पा किरण कुजूर सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

### धान खरीदने से बचने लाया गया कृषि उपज मंडी संशोधन विधेयक

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, सरकार किसानों से धान खरीदने से बचने के लिए कृषि उपज मंडी संशोधन विधेयक 2024 लायी है, ताकि किसान मजबूर होकर अपने उपज को औने-पौने दाम में राज्य के बाहर के व्यापारियों को बेच सके और सरकार अपने धान खरीदी की जिम्मेदारी से मुक्त हो जाए।

### मो. रफी की पुण्यतिथि पर कल सजेगी सुरों की महफिल

**रायपुर।** महान पार्श्व गायक मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि के अवसर पर सुरमयी संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्वर सप्तक संस्था द्वारा शहीद स्मारक भवन में 31 जुलाई को शाम 7.30 बजे प्रस्तुत किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष उदय कुमार दास ने बताया कि कार्यक्रम में बॉलीवुड सिंगर वैभव रावल विशेष रूप से अपनी प्रस्तुति देंगे। साथ ही अंचल के किरण भट्ट, ओमप्रकाश, दिनेश वर्मा, मनोज बर्मन, नमीता गुप्ता, वंदिता साहू, सीमा दुबे, डॉ. जावेद अली एवं अजय कर्माकर उपस्थित दर्शकों के समक्ष रफी साहब के गाए गीत प्रस्तुत करेंगे।

पेज 9 का शेष

### चौपाटी में फिर शान ..

गौरव साहू मण्डल भाजपा महामंत्री युगल देवांगल, रेवाराम निषाद, नरेश साहू डॉ डोशन साहू,ओंकार साहू दिनानाथ साहू, सहींत अनेक नगरवासी उपस्थित थे।


# रामविचार के साथ ही खुल सकता है नवा रायपुर में बसाहट का सिलसिला, कुछ और मंत्री भी जाने की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री रामविचार नेताम नवा रायपुर स्थित नव निर्मित शासकीय आवास में 31 जुलाई को गृह प्रवेश करने वाले हैं। रामविचार के नवा रायपुर में शिफ्ट होने के साथ ही अब यहां मंत्रियों से लेकर अफसरों की बसाहट का रास्ता खुलने की संभावना है। दरअसल बरसों से नवा रायपुर को लेकर यही बात होती रही है कि यहां बसाहट नहीं हो पा रही है। हालांकि राज्य शासन के कई प्रमुख कार्यालय, निगम मंडलों से संबंधित कार्यालय व अन्य संस्थाओं के दफ्तर यहां काम कर रहे हैं। नवा रायपुर में विधानसभा भवन, राजभवन सहित अन्य शासकीय भवन निर्माण की प्रक्रिया में हैं।

## 31 जुलाई को नेताम का होगा गृह प्रवेश

### राजभवन, विधानसभा सहित कई परिसर हो रहे हैं तैयार



नवा रायपुर में अब ऐसी संभावना है कि जल्द ही यहां बसाहट में तेजी आने के साथ रौनक नजर आने वाली है। नवा रायपुर के सेक्टर-24 में मंत्रियों के सभी बंगले 2-2 एकड़ में बने हैं। निवास और कार्यालय की व्यवस्था अलग-अलग है। सुरक्षा व्यवस्था का रिव्यू करने के बाद अन्य मंत्री भी यहां पर आने को तैयार होंगे। सेक्टर-24 में राजभवन, मुख्यमंत्री निवास, विधानसभा अध्यक्ष निवास, मंत्रियों के आवास गृह और वरिष्ठ अधिकारियों के आवासीय परिसर का निर्माण 591.75 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। प्लान के मुताबिक, राजभवन, मुख्यमंत्री निवास, विधानसभा अध्यक्ष निवास, मंत्री परिषद के सदस्यों के आवास और वरिष्ठ अधिकारियों के आवास नवा रायपुर में तैयार होने से यहां पर बसाहट अगले साल तक बढ़ेगी। यहां अफसरों के लिए सेक्टर-18 में ऐसे 78 बंगले भी तैयार हो रहे हैं। यहां पर विधानसभा भवन का निर्माण जून 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। यहां पर विधानसभा के अफसर और कर्मियों के लिए भी आवासीय परिसर तैयार करने का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है।

### दयालदास भी जाएंगे

सरकार के एक अन्य मंत्री दयालदास बघेल तथा महिला मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को करीब तीन महीना पहले बंगला आवंटित है। बताया गया है कि रामविचार के बाद दयालदास भी नवा रायपुर में शिफ्ट होने की तैयारी में हैं। लेकिन वे कब शिफ्ट होंगे ये अभी साफ नहीं है। हालांकि नवा रायपुर में मुख्यमंत्री आवास भी बनकर तैयार है। इसके साथ ही वहां मंत्रियों के लिए बनाए गए अन्य बंगलों का काम भी लगभग पूरा होने की स्थिति में है।

### रामविचार का नया पता सेक्टर 24 बंगला नंबर एम-5

*राज्य सरकार के मंत्री रामविचार नेताम 31 जुलाई को अपने नए शासकीय आवास में शिफ्ट होने की तैयारी में हैं। नवा रायपुर के सेक्टर 24 में यह बंगला बना है। श्री नेताम के अब नया पता नवा रायपुर सेक्टर 24 एम- 5 होगा। यहां पिछली सरकार के समय से मंत्रियों के आवास बनाने की तैयारी की जा रही थी, यह काम अब पूरा हो रहा है। सेक्टर 24 में ही अन्य मंत्रियों के आवास निर्माणाधीन हैं। आने वाले समय में यहां मंत्री बंगलों की चमक-धमक दिखाई देने वाली है।*

## आरोप : मोहगांव के ग्रामीण कलेक्टर से शिकायत की तैयारी में

# कृषि कॉलेज में मनमानी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

इन्दिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध मोहगांव स्थित पं. देवी प्रसाद चौबे महाविद्यालय साजा में इन दिनों कॉलेज के कामकाजों में प्रशासक अधिष्ठाता की जबरदस्त मनमानी देखने को मिल रहा है। वहीं, इसी बीच कॉलेज में बने हॉस्टल के सफाईकर्मी व सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति को लेकर इससे जुड़ा एक स्थानीय सनसनीखेज ऑडियो भी वायरल हो रहा है।

लिहाजा ऐसे कार्यस्वरूप व गतिविधियों से कॉलेज प्रबंधन व यूनिवर्सिटी की काफी फजीहत हो रही है। जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीण ज़िला कलेक्टोरेट कार्यालय में लामबन्द होकर शिकायत करने जा रहे हैं। अपुष्ट सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि कॉलेज के हर आधिकारिक कार्य मे डीन डॉ.आलोक तिवारी का काफी दखलन्दाजी व हस्तक्षेप रहता है, जिसका खामियाजा यहां के अध्ययनरत छात्रों को भुगतना पड़ता है।

मानक-मापदण्डों को दरकिनार कर दी गयी नौकरी, गार्ड से करा रहे सफाई जानकारी के मुताबिक विगत दिनों बालक व बालिका छात्रावास खुलने पर दोनों जगह दो सुरक्षा गार्ड व दो सफाईकर्मी एवं एक रात्रि गार्ड सहित करीब 05 लोगों की जरूरत थी। जिसे कॉलेज डीन ने अपनी मनमानी करते हुए कॉलेज के चुनिंदा दैनिक श्रमकर्मियों को ही कार्य पर रख लिया। आरोप है कि इनके चयन में डिग्री व अनुभव को ताक पर रखकर नियुक्ति की गई, हालांकि इसे लेकर पूछे गए सवाल पर स्थानीय का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया गया। जबकि बाद में उस गार्ड से सफाईकर्मी का कार्य कराते पाये गए, जो कि बड़ा ही गम्भीर है।

जबकि देखा जाए तो इस सम्बंध में संस्था




### छात्रावास में नौकरी के लिए पैसे की डिमाण्ड का ऑडियो

दरअसल विगत हफ़्तों पूर्व यहां के हॉस्टल में नौकरी को लेकर स्थानीय दो लोगों के बीच पैसों को लेकर बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। ऑडियो में गार्ड की नौकरी के लिए करीब नगद 60 हज़ार रुपये की डिमांड एक व्यक्ति विशेष की जा रही है। इससे कॉलेज प्रशासन की भूमिका पर भी खड़े हो रहे हैं। जिन 05 पदों पर स्थानीय लोगों की नियुक्ति की गई है उसमें बिना कोई मापदण्ड के ग्रामीणों को कार्य पर पदस्थ कर दिया गया है।

### स्थानीय की अनदेखी, बाहरी एजेंसी को मेस की अनुमति

चूंकि छात्रावास खुलने के बाद करीब अध्ययनरत 40 बच्चों के लिए फिलहाल भोजन की व्यवस्था के लिए कैंटीन की जरूरत पड़ी। इस कार्यक्षेत्र में डीन तिवारी ने स्थानीय को नज़रन्दाज़ कर भिलाई के अपने तथाकथित परिचित को प्राथमिकता दी। उक्त ग्रामीणों द्वारा 2000 रुपये प्रतिमाह छात्र को भिलाई की मेस एजेंसी से 2300 प्रतिमाह वसूला जा रहा है। वहीं, भोजन की गुणवत्ता व उपलब्धता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो रहा है। साथ ही इन दिनों बालक के साथ बालिकाओं को भी एक ही मेस में एजेंसी से कैंटीन सुविधा दी जा रही है। इससे गर्ल्स हॉस्टल की निजता पर भी सन्देह बना हुआ है। इसे लेकर स्थानीय ग्रामीण अब कलेक्टर से शिकायत करने की बात कह रहे हैं। स्थानीय ग्रामीण मोहम्मद गुलमीर खान ने बताया कि स्थानीय की बात कहकर स्थानीय लोगों को कृषि कॉलेज डीन-आलोक तिवारी द्वारा गुमराह किया जा रहा है।

### जांच कर की जाएगी कार्रवाई

फिलहाल यह मामला आपके माध्यम से संज्ञान में आ रहा है। इस विषय पर साजा एसडीएम द्वारा जांच कराई जाएगी एवं मामला सही पाए जाने पर विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

**- रणबीर शर्मा,** कलेक्टर, बेमेतरा

# स्कूल को समुदाय से जोड़कर मनाया गया शिक्षा सप्ताह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ शासकीय प्राथमिक शाला से सैगोना में सप्ताहभर हुए विविध आयोजन

शासकीय प्राथमिक शाला से सैगोना में शिक्षा नीति 2020 चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश भर में एक सप्ताह का शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवाचारी शिक्षिका हिम कल्याणी सिन्हा ने बताया कि समुदाय को विद्यालय से जोड़कर शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार हेतु विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक, रचनात्मक, कलात्मक, शैक्षणिक गतिविधियां करायी गयी, शासकीय प्राथमिक शाला सैगोना में भी शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसके अंतर्गत 22 से 28 जुलाई तक दिवसवार अलग अलग गतिविधियां करायी गयी। 22 जुलाई को टीएलएम दिवस मनाये, कक्षा स्कूल स्तर पर प्रदर्शनी किए शाला प्रबंधन समिति, समुदाय शामिल हुए शिक्षक और विद्यार्थी के द्वारा गिनती चक्र, जोड़ घटाव मशीन, अल्फाबेट चार्ट, छत्तीसगढ़ी आभूषण निर्माण किए साथ ही समुदाय से संगीता पाठक, अंकिता पाठक, पूर्णिमा वर्मा, शारदा निषाद भी अपने बच्चों के लिए टी एल एम निर्माण की। 23 जुलाई एफएलएन दिवस के रूप में मनाये शिक्षक और विद्यार्थी मिलकर खिलौना निर्माण किए पेपर क्राफ्ट, मिट्टी के खिलौना बनाये, कुन्ती सिन्हा, बबीता ध्रुवे, पीरेंद्र वर्मा अपने बच्चों के साथ खिलौना कार्नर देखे और सराहना भी की। 24 जुलाई खेल दिवस मनाये स्थानीय खेलों के बारे में बच्चों को जानकारी देते हुए नवाचारी शिक्षिका हिम कल्याणी सिन्हा ने व्यायाम योगाभ्यास कराये, फुगड़ी, बोतल रेस, गेड़ी दौड़, पत्ता पत्ता आदि खेल प्रतियोगिता कराये, विजेता बच्चों को प्रोत्साहित भी किया गया। 25 जुलाई को सांस्कृतिक दिवस में स्वच्छता का सन्देश दिए, लोक गीत करमा, सुआ, ददरीया, भरथरी, राउत नाचा, पंडवानी से बच्चों को परिचय कराये, बालिकाएं करमा गीत में और बालक राउत नाचा में मनमोहक प्रस्तुति दिए। 26 जुलाई डिजिटल कौशल बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान गूगल सर्च मैप, टॉकिंग टैड, कैलकुलेटर का इस्तेमाल करना सिखाया गया। व्यवसाय से जुड़ी माप तौल भी बच्चों को सिखाया।

### पौधे लगाकर लिया सुरक्षा का संकल्प

27 जुलाई मिशन लाइफ एवं इकोक्लब दिवस इस दिन सभी को पर्यावरण के महत्व बताये एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत माताएं अपने बच्चों के साथ पेड़ लगाए। इसके तहत आम, नीम, करंज, कदम, जाम के पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा प्रदान का संकल्प लिया। 28 जुलाई सामूहिक भागीदारी दिवस के रूप में मनाये जिसके अंतर्गत विद्यांजलि योजना के बारे में जानकारी दी गई। बुजुर्गों से कहानी सुनी, आसपास के क्षेत्रों में व्यापक वृक्षारोपण एवं वर्षा जल संचय के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



# राज्यपाल हरिचंदन को विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को सोमवार को राजभवन परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन परिवार के समस्त अधिकारियों- कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अपने कार्यकाल के विभिन्न पलों को याद किया और राजभवन परिवार के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, विधिक सलाहकार भीष्म प्रसाद पाण्डेय सहित राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर राज्यपाल को राजभवन परिवार की ओर से शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### छत्तीसगढ़ में मिला स्नेह सम्मान नहीं भूलूंगा

श्री हरिचंदन ने इस अवसर पर कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों का दौरा किया और यहां लोगों की मेहनत, समर्पण और साहस को नजदीक से देखा। यहां की भूमि न केवल प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है बल्कि छत्तीसगढ़ के लोग भी अत्यंत सरल, सहज होते हैं। सभी लोगों ने जो स्नेह और सम्मान दिया है उसे भूलना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण योजनाओं एवं नीतियों को लागू किया गया। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी गुणवत्तायुक्त, अध्ययन - अध्यापन हो जिससे विद्यार्थियों का भविष्य बेहतर हो सके यह उनकी कोशिश रही।

## बृजमोहन बोले

# राहुल गांधी ने किसी एससी एसटी सांसद को नेता प्रतिपक्ष क्यों नहीं बनाया

**रायपुर।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सोमवार को लोकसभा में केंद्रीय बजट 2024 पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया।(बृजमोहन अग्रवाल ने अपने भाषण में कहा कि, मैं माननीय मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में 48 लाख 21 हजार करोड़ रुपए के बजट का स्वागत करता हूं। इसी के साथ उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने किसी एससी, एसटी सांसद को नेता प्रतिपक्ष क्यों नहीं बनाया। श्री अग्रवाल ने कहा-भारत के टुकड़े कर पाकिस्तान किसने बनाया, कोको द्वीप बर्मा को किसने दिया? देश को बांटने वाले, आज देश जोड़ों का नारा लगा रहे है। जब डोकलाम विवाद चल रहा था, तब राहुल गांधी चीनी दूतावास में क्या कर रहे थे। भारत की जनता उनकी हकीकत जान गई है। इसीलिए उन्होंने भरोसे के साथ मोदी सरकार बनाई है। श्री अग्रवाल ने कहा कि वो छत्तीसगढ़ से हैं, जो माता कौशल्या की जन्मभूमि है। छत्तीसगढ़ महाप्रभु वल्लभाचार्य की जन्मभूमि है। प्रभु राम हमारे भांजे हैं, छत्तीसगढ़ प्रभु राम का वन गमन मार्ग भी रहा है। उन्होंने कहा, सरकार की पीएम आवास, नल जल, कौशल विकास, महिला विकास आदि जन कल्याणकारी योजनाओं और 4 करोड़ नौकरी का फायदा सभी को मिलेगा। मोदी जी ने इस देश को 4 जातियों में बांटा है जो युवा, किसान, महिला और गरीब हैं। अगर इनका विकास होता है, तो देश का विकास होगा।



# मंडी एक्ट में बदलाव से किसानों को होगा लाभ

■ अपनी फसल राष्ट्रीय कृषि बाजार में बेच सकेंगे किसान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी (संशोधन) विधेयक को विधानसभा से पारित कराकर सहमति के लिए राज्यपाल के पास भेजा गया है। राज्यपाल से संशोधन को सहमति मिलने के बाद यह संशोधित एक्ट प्रदेश में लागू होगा। जानकारों का कहना है कि इस बदलाव से राज्य के किसानों को लाभ होगा। वे अपनी फसल को राष्ट्रीय कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय कृषि बाजार में बेच सकेंगे।

**एक्ट में ये संशोधन :** संशोधन विधेयक के मुताबिक, मंडी फीस के स्थान पर कृषक कल्याण शुल्क अंतःस्थापित किया जाएगा। नए संशोधन में कहा गया है कि प्रदेश के मंडी बोर्ड मंडी समिति के एकल पंजीयन, अनुज्ञप्तिधारी, प्रसंस्करणकर्ता, विनिर्माता को भारत सरकार द्वारा द्वारा संचालित ई-नाम (राष्ट्रीय कृषि बाजार) पोर्टल के माध्यम से अधिसूचित कृषि उपज की खरीदी तथा बिक्री अधिसूचित कृषि उपज की कीमत, मंडी शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क तथा अन्य देय राशियों का भुगतान इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार करने पर अनुज्ञप्ति, पंजीयन की आवश्यकता नहीं होगी।

**मंडी की 10 प्रतिशत आय किसान कल्याण में**

इसी संशोधन में यह भी कहा गया है कि बोर्ड के भिन्न-भिन्न कृषक कल्याणोन्मुखी गतिविधियों (कृषक हित) के लिए अपनी सकल वार्षिक आय की 10 प्रतिशत राशि छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण निधि में जमा कराई जाएगी। इस राशि का उपयोग किसानों के हित

# मुख्यमंत्री मितान योजना अब होगी मोर संगवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू की गई मुख्यमंत्री मितान योजना का नाम सरकार ने बदल दिया है। यह योजना अब मोर संगवारी सेवा के नाम से संचालित होगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। योजना में कोई बदलाव नहीं किया गया है। खास बात ये है कि राज्य में भाजपा नेतृत्व वाली सरकार बदलने के बाद से पिछली सरकार के कई आदेश और योजनाओं के नाम बदले जा रहे हैं। इस योजना को शुरू करने के समय पूर्व सरकार ने इसके संचालन के लिए 10 करोड़ रुपए का प्रारंभिक प्रावधान रखा था। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए नागरिकों को एक हेल्पलाइन नंबर 14545 है। इसके माध्यम से संपर्क करने पर योजना के कर्मी घर पर सहायक आते हैं। ये सहायक सभी विवरणों को एकत्रित करके, सूचनाओं को संशोधित करेंगे।

## कांग्रेस में शहर के कई नेताओं ने की दावेदारी

# कांग्रेस ने शुरू की उपचुनाव के लिए तैयारी बूथ से लेकर जोन संभालेंगे वरिष्ठ कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारी के लिए पूरी तरह से ताकत झोंक दी है। विधानसभा से सभी वार्डों में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को बूथ, सेक्टर और जोन की कमान दी है। यहां पर जातिगत समीकरण के हिसाब से नेताओं को लगाया गया है।

18 दिसंबर तक इस सीट को भरे जाने को लेकर चुनाव होना है। ऐसे में चुनाव प्रक्रिया के सितंबर अंतिम सप्ताह में शुरू होने की संभावना के देखते हुए अभी से कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की रणनीति बनाई गई। कांग्रेस नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी को भी इससे जोड़कर देख रही है। प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी ने पहले ही विधानसभा उप चुनाव को लेकर जिला के पदाधिकारियों को सक्रिय करने के निर्देश दिए थे। पीसीसी अध्यक्ष शहर जिला अध्यक्ष और पदाधिकारियों की बैठक लेकर प्रभारियों को काम सौंपने कहा था। जिला कांग्रेस ने उस आधार पर यहां के 19 वार्ड में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, पूर्व सांसद छाया वर्मा और एमआईसी के सदस्यों को यहां की जिम्मेदारी दी है। बताया जाता है कि शहर के विकास में निगम के पार्षदों और एमआईसी मेंबर की भूमिका को देखते हुए बूथ स्तर पर बैठक लेकर कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा कर लोगों को कांग्रेस के काम के बारे में बताया जाएगा। महापौर को भी एक वार्ड की जिम्मेदारी दी गई है। आने वाले समय में प्रभारियों के जरिए यहां पर कांग्रेस को प्रत्याशी तय करने में भी मदद मिलेगी।

### परिसीमन पर दावा आपत्ति

शहर के वार्डों के परिसीमन को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोलने का निर्णय लिया है। नगरीय निकाय चुनाव से पहले विभाग द्वारा परिसीमन के लिए दावा आपत्ति मंगाए गए है। बताया जाता है कि कई वार्डों में मतदाताओं की संख्या में अधिक है, उसमें एकरूपता लाने परिसीमन के आधार पर बूथों को इधर-उधर किए जाने की संभावना है। ऐसे में सभी वार्डों में जनसंख्या के आधार पर समायोजित करने का प्रयास होगा। कुछ ऐसे ग्राम जिनका क्षेत्र अधिक था उसे भी कम करने का प्रयास हो रहा है। ऐसे में वार्ड क्षेत्र में परिवर्तन होगा। कांग्रेस इसे लेकर दावा आपत्ति करेगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने तय किया है कि रायपुर दक्षिण में भाजपा का कई साल तक कब्जा रहा। कांग्रेस अब इसे भाजपा से छीनने के लिए ताकत झोंक दी है।



## खबर संक्षेप



### नेशनल हाईवे पर गिरा पेड़, आवागमन बाधित

**गुरूर।** ग्राम चिटौद से होकर गुजरने वाले नेशलन हाईवे 30 मुख्य सड़क पर पेड़ अचानक गिर गया, जिससे आवागमन घंटों बाधित रहा। गुरुर से धमतरी जाने वाले मुख्य मार्ग नेशनल हाईवे 30 पर ग्राम चिटौद के पास पेड़ गिर जाने से सड़क के दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। हालांकि, छोटे वाहन चालक सड़क के किनारे से होकर निकलते रहे, लेकिन एक किनारा ही खुला होने से वाहन चालकों को लंबा इंतजार करना पड़ा।

### छग सब सीनियर व जूनियर स्पर्धा का चयन 20 से

**भिलाई।** रायपुर जिला बैडमिन्टन संघ द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सब सीनियर एवं जूनियर (बालक एवं बालिका) बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन एकल एवं युगल वर्ग में दिनांक 20 से 24 अगस्त तक रायपुर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में बीएसपी की टीम भी भाग ले रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये इंडोर हॉल, सिविक सेंटर के बैडमिन्टन कोर्ट पर 3 व 4 अगस्त को सुबह 9 बजे से (दोनों वर्ग) टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है। इच्छुक 31 जुलाई 2024 तक चयनकर्ता प्रवीण उपाध्याय मो. सलीम कुरैशी, विजय भानू के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

### दर्रा स्कूल में विदाई व सम्मान समारोह आज

**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रा में प्राचार्य बीआर ठाकुर के सेवानिवृत्त होने पर विदाई सम्मान समारोह का आयोजन 31 जुलाई को रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रा बीआर ठाकुर होंगे। अध्यक्षता सहायक जिला परिषद अधिकारी बालोद डीपी कोसरे करेंगे। विशेष अतिथि भूतपूर्व अध्यक्ष शाला विकास समिति विश्वनाथ साहू, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छेड़िया केडी. पुरईन, ग्राम पटेल नरबदा प्यारे लाल साहू, सेवा निवृत्त प्रधान पाठक फागुंदाह पीआर साहू होंगे।

### नाहंदा में जनसमस्या निवारण शिविर 10 को

**बालोद।** डौण्डीलोहरा विकासखण्ड के ग्राम नाहंदा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन शनिवार 10 अगस्त को सुबह 10.30 बजे से शाम 05 बजे तक किया जाएगा। पूर्व में इसकी तिथि गुरूवार 8 अगस्त निर्धारित की गई थी, जिसे संशोधित कर शनिवार 10 अगस्त को कर दी गई है।

### डौंडीलोहारा विस्तारित मंडल कार्यसमिति की बैठक आज

**डौंडीलोहारा।** भाजपा मंडल डौंडीलोहारा की विस्तारित मंडल कार्य समिति की बैठक 31 जुलाई को सुबह 12 बजे से नगर के मंडी परिसर में रखी गई है। मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा ने बताया कि 31 जुलाई को सुबह 12 बजे से पंजीयन आरंभ होगा।

## नगरीय निकायों में जनसमस्या निवारण शिविर में बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोग

# शिविरों में लग रही आवेदनों की झड़ी

हरिभूमि न्यूज | बेमेतरा

छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन लगातार जारी है। इस दौरान विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में लोग शिविर पहुंच रहे हैं। सावन की झड़ी के बीच समस्याओं और मांगों की भी झड़ी लग रही है।

■ कई समस्याओं का मौके पर ही किया जा रहा

आम जनों की समस्याओं को जानने और उनके त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने जिले के सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन कर नागरिकों की समस्याओं से अवगत होकर समाधान करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान शिविर में नगरीय निकाय के सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित होकर समस्या का निराकरण यथा समय मौके पर कर रहें हैं । इस शिविर में करदाताओं को भी करों का भुगतान वार्ड में ही करने की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इसके तहत 30 जुलाई को आयोजित नगर पालिका के अंतर्गत शिविर में मांग और समस्या विद्युत, साफ़-सफ़ाई, उज्वला, पानी निकासी, पट्टा, पेयजल सहित कुल 82 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें नगर पालिका परिषद के कार्मचारियों के द्वारा तत्काल लाईट में सुधार किया गया है। कुछ जगहों में नया बल्ब लगाकर तत्काल मौके पर ही स्ट्रीट लाईट चालू कराया गया। नगर पालिका क्षेत्र में अधिकांश शिकायतें फिल्टर पानी की आ रही है। कुछ समस्या संबंधी आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई की गयी। कुछ आवेदनों पर परीक्षण के बाद की जाएगी। जिसकी सूचना आवेदनकर्ताओं को दी जाएगी। शिविर में निकाय अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि, वार्ड पार्षद मौजूद थे। इस दौरान कई नागरिकों ने संपत्ति कर संबंधी शिकायतें प्रस्तुत कीं, जिनका समाधान किया गया। जल आपूर्ति में आ रही समस्याओं को उठाया गया और संबंधित विभाग ने त्वरित कार्रवाई की। सफाई व्यवस्था और कचरा प्रबंधन से संबंधित शिकायतों का निपटारा किया गया। सड़क मरम्मत और यातायात संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया। जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र आदि से संबंधित आवेदनों का त्वरित निपटारा किया गया। इस शिविर के आयोजन से नागरिकों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्राप्त हो रहा हैं और प्रशासन के प्रति विश्वास भी बढ़ा है। इस प्रकार के शिविर स्थानीय प्रशासन की तत्परता और नागरिक सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। इस दौरान एसडीएम घनश्याम सिंह तंवर, सीएमओ भूपेंद्र उपाध्याय, पार्षद एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे ।




### इन स्थानों पर लगाए जाएंगे शिविर

शिविर का आयोजन 31 जुलाई को कबीर कुटी बेमेतरा, वार्ड नं. 09 एवं 10, सांस्कृतिक मंच कोबिया में शिविर का आयोजन किया जाएगा। 1 अगस्त को वार्ड 11,एवं 12 लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग कार्यालय भवन बेमेतरा 4 अगस्त वार्ड 13, 14 एवं 16 कबीर कुटी मंच सिंघौरी, 7 अगस्त को वार्ड नं. 15, 17, 18, एवं 19 भद्रकाली मंदिर परिषर बेमेतरा, 8 अगस्त को वार्ड 20 एवं 21 कबीर कुटी बेमेतरा और 9 अगस्त 2024 को आयोजित किया जायेगा। उक्त संबंध में कलेक्टर के निर्देशानुसार सभी अनुविभागों में एसडीएम और तहसीलदारों की ड्यूटी लगाई गई है।

## नगय निकाय के कर्मचारियों को प्रतिमाह मिले वेतन



हरिभूमि न्यूज | बेमेतरा

प्रदेश अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के आह्वान पर ज़िला मुख्यालय बेमेतरा स्थित कलेक्टर कार्यालय के माध्यम से सीएम विष्णुदेव साय को नगरीय निकायों में प्रतिमाह वेतन की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने एवं पुराना पेन्शन योजना लागू किये जाने की मांग पत्र को लेकर ज्ञापन सौंपा।

■ नवायुक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जहां पर ज़िला इकाई संघ से करीब दो दर्जन पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि नगरीय निकायों में वेतन सम्बन्धी समस्या हमेशा बनी ही रहती है। शासन-प्रशासन द्वारा जहां नगरीय निकायों में पदस्थ व कार्यरत अधिकारियों- कर्मचारियों को महीने के 07 तारीख तक दिये जाने का निर्देश है, किन्तु एक से लेकर चार महीने तक वेतनमान का पता नही रहता है, जिससे सभी नवयुक्त सरकारी कर्मियों को आर्थिक संकटो का सामना भी करना पड़ता है, जिसमे दिनचर्या के खर्चे से लेकर बच्चो के स्कूल फीस को लेकर भी काफी परेशानी उठानी पड़ती है। फलस्वरूप शासन-प्रशासन से अनुरोध है कि नगरीय निकाय के नवायुक्त कर्मचारी/अधिकारी की पगार नियमित ही निश्चित समय पर प्रदान किया जाए एवं साथ ही पुराना पेंशन योजना भी प्रदेशभर में लागू किया जाना चाहिए।इस दौरान ज्ञापन देने वालो में नगरीय नवायुक्त शासनकर्मी संघ के जिला व ब्लॉक स्तर के समस्त लोग शामिल रहे।

## सड़क नहीं, कीचड़ पर चलना मजबूरी



हरिभूमि न्यूज | साजा

शहर में एक तरफ विकास के दावे किए जाते हैं, लेकिन लोग कीचड़ में चलने को मजबूर हैं। वार्ड नंबर 2 के निवासी नगर पंचायत में आवेदन देकर थक गए, लेकिन उन्हें आज तक सीसी रोड नहीं मिल पाई। इसके कारण भारी बरसात में कीचड़ के बीच आना जाना पड़ रहा है। इस कॉलोनी में लगभग 50 घरों के लोग निवास करते हैं। इसके बावजूद नगर पंचायत द्वारा सीसी रोड बनाने पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। बता देना लाज़मी हो कि शहर में अपने लोगों को खुश करने के लिए एक घर तक भी सीसी रोड का निर्माण किया गया है, लोगों की खेतों तक पहुंचाने के लिए सीसी रोड बनाए गए हैं। जनपद के पास दो विभागों के बीच भी सीसी रोड का निर्माण किया गया है, जो कि दो विभाग के बाउंड्री वॉल के अंदर आता है। एक कॉलोनी में लोगों के हित की अनदेखी की जा रही है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि यदि समय रहते उनकी सड़क का निर्माण नहीं किया गया, तो आने वाले समय में वे नगर पालिका मतदान के लिए बहिष्कार करने पर विवश हो सकते हैं।

## सिक्किम के नवनियुक्त राज्यपाल ओमप्रकाश को योगेश ने दी बधाई




हरिभूमि न्यूज | बेमेतरा

सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने नई दिल्ली में सिक्किम के नवनियुक्त राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर से उनके निवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव जीत के शिल्पी श्री माथुर को राज्यपाल पद पर नियुक्ति की बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने नवनियुक्त राज्यपाल ओम माथुर को शुभकामनाएं देते हुए कहा सिक्किम विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।योगेश तिवारी ने कहा उनके अनुभव और कुशल मार्गदर्शन का लाभ सिक्किम को मिलेगा।

## बाल श्रमिक, भिक्षावृत्ति व नशे के शिकार बच्चों की पहचान में जुटा जिला प्रशासन

हरिभूमि न्यूज | बेमेतरा



विगत दिनों राज्य शासन द्वारा बाल सक्षम नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बाल श्रमिक, अपशिष्ट संग्राहक, भिक्षावृत्ति, मादक द्रव्यों के शिकार बच्चों के सर्वेक्षण, रेस्क्यु, पुनर्वास एवं एक युद्ध नशे के विरुद्ध के लिए 15 जुलाई से 14 अगस्त तक एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

■ संयुक्त दल द्वारा चलाया जा रहा है निरीक्षण अभियान

कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में एवं चंद्रबेश सिंह सिसोदिया जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सी.पी. शर्मा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के नेतृत्व में दल का गठन किया गया है। गठित दल द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों जैसे-बस स्टैंडों, यात्री प्रतिक्षालयों, टैक्सी स्टैंडों, प्रसिद्ध मंदिरों, दुकानों, दाबों, गुरुद्वारों, सिनेमाघरों तथा अन्य ऐसे स्थान जहाँ बच्चे भिक्षावृत्ति, बाल श्रम, अपशिष्ट संग्रहण, मादक द्रव्यों का सेवन करने वाले बच्चों का चिन्हांकन किया जा रहा है।

इसके तहत बेरला विकासखण्ड के देवरबीजा एवं बेमेतरा विकासखण्ड कारेसरा चौक में संयुक्त दल द्वारा अभियान अन्तर्गत निरीक्षण किया गया। साथ ही क्षेत्र के आस-पास के स्कूलों के बच्चों को 3 नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिंता 2023 के विषय पर जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान में जिला बाल संरक्षण अधिकारी, राजेन्द्र चन्द्रवंशी परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाईन जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, एम.ए.पी. कादरी श्रम निरीक्षक, कौस्तुभ शर्मा कल्याण अधिकारी आलोक यादव कल्याण निरीक्षक श्रम विभाग एवं सोना सर चौकी प्रभारी और आरक्षक देवरबीजा, चेतन साहू एवं स्वाती कुंजाम पीएलवी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण से निखरती है क्षमता: घृतलहरे



**बेमेतरा।** जिले के शिक्षा संस्थान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में चारों विकास के संकुल समन्वयकों का पांच दिवसीय सपोर्टिव सुपरविजन प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डाइट के प्राचार्य जेके घृतलहरे थे। विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम की प्रभारी उषा किरण पांडेय, डाइट के व्याख्याता जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू, राजकुमार वर्मा उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डाइट के प्राचार्य जेके घृतलहरे ने कहा हमारे शिक्षकों के सबसे करीब अकादमिक सदस्य के रूप में संकुल समन्वयक ही रहता है। यह प्रशिक्षण शिक्षकों की एवं संकुल समन्वयकों की क्षमता को निखारने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है। यह प्रशिक्षण इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखकर कराया जा रहा है। इनके माध्यम से हमारे संकुल समन्वयक जिन बच्चों को सीखने में कठिनाई हो रही है, उनके चिन्हांकन में और उनके लिए नई रणनीति बनाने में तथा शत प्रतिशत बच्चों को बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान की दक्षताओं को प्राप्त करने में हमारे शिक्षकों की मदद कर पाएंगे।

राज्य स्त्रोत व्यक्ति एसआरजी केंवरा सेन ने कहा कि सभी सीएसी इस प्रशिक्षण के माध्यम से आप अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी पूर्वक, सक्रियता के साथ और उत्साहित होकर सकते हैं। एएसआरजी जलेश जागड़े ने सीएसी की चुनौती एवं रणनीतियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। अजीम प्रेम जी भाई फाउंडेशन के विजय साव ने समावेशी शिक्षा की प्रमुखता एवं आवश्यकता पर चर्चा करते हुए सभी बच्चों को समान अवसर एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पाने का अधिकार प्राप्त है। वहीं, श्री जोबन ने संतुलित भाषा एवं भाषा शिक्षा के 4 ब्लाक मॉडल को विस्तृत रूप से समझाया। कार्यक्रम में राज्य स्त्रोत व्यक्ति के रूप में जलेश जांगड़े, खिलेन्द्र साहू, केंवरा सेन, साथ ही साथ अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से विजय कुमार साहू, जोबन सर सहित डाइट के व्याख्याता जी एल खुटियारे, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी, अमिंदर भारती, नागेंद्र शर्मा, कमलेश शर्मा, सत्येंद्र मिश्रा, पूनम पाण्डेय, सरस्वती साहू आदि उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्या

हरिभूमि न्यूज | बेमेतरा



कलेक्टर रणबीर शर्मा की उपस्थिति में मंगलवार क़ो समय सीमा की बैठक के बाद कलेक्टोरेट के दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन आयोजित की गई। इस दौरान जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। जनदर्शन में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 47 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी। इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील नवागढ़ के ग्राम अंधियारखोर निवासी इंद्राणी साहू ने घर को कब्जा करने और मार पीट के संबंध में आवेदन दिया। साजा तहसील के ग्राम सहसपुर भाठापारा वासी के समस्त ग्रामवासी ने बारिश के पानी निकासी समस्या निराकरण के संबंध में आवेदन दिया। दाढ़ी तहसील के ग्राम मारतरा निवासी प्यारी बाई ने खसरा का सीमांकन करने के संबंध में आवेदन दिया।

■ जनदर्शन में शिकायतों व समस्याओं से संबंधित 47 आवेदन मिले

बेमेतरा तहसील के ग्राम नवागांव (खुड़मुडी) के निवासी ठाकुर मल्लाह ने घर के दरवाजे से कब्जा हटाने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील थानखम्हरिया के ग्राम कुर्रा के निवासी करीन खान ने मकान पर लगे स्टे को हटवान के संबंध में आवेदन दिया। तहसील बेमेतरा के ग्राम छीतापार निवासी दुजे कुमार निर्मलकर ने कच्चा मकान में बारिश का पानी भरने पर आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के संबंध में आवेदन दिया गया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धापेंशन हेतु, दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस दौरान कलेक्टर शर्मा ने श्रमिकों को श्रम कार्ड का भी वितरण किया । इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## श्रीरामहर्षण कुंज साजा में सावन झूला उत्सव जारी

# प्राणी को माया के झूलने से बचाता है झूलन सुख

हरिभूमि न्यूज | साजा

श्रीरामहर्षण कुंज साजा में चल रहे सावन झूला उत्सव का भक्तगण आनंद ले रहे हैं। झूला झूलन बिहारी सरकार अपने लावण्य, सौंदर्य की इतनी छटा बिखेर रहे हैं कि श्रद्धालु अपलक उनकी माधुरी छवि को निहार रहे हैं।

इस अवसर पर संत श्री भगवानदास जी ने कहा कि झूला उत्सव प्रभु से जुड़ने का एक माध्यम है। झूला झूलन बिहारी सरकार की कृपा से जीव चौरासी लाख योनियों के झूलन के चक्कर से बच जाता है। झूलन सुख प्राणी को माया के झूलने से बचाता है। महंत श्री वैष्णवदास जी ने कहा कि झूला उत्सव का ऐसा अद्भुत आनंद अयोध्या, वृंदावन, मिथिला आदि धामों में भी दुर्लभ है। इन धामों के झूलोत्सव का सुख लेने लंबी यात्रायें करनी पड़ती हैं धन और खर्च करना पड़ता है प्रतीक्षा करनी पड़ती है लेकिन यहॉं बड़ी आसानी से सहज ही झूलन सुख प्राप्त हो रहा है।

महाराज जी ने कहा झूलन उत्सव का दर्शन करने ब्रह्मा, शंकर सहित देवी-देवताओं को पृथ्वी लोक में आना पड़ता है। हम सब क्षेत्रवासी बड़भागी हैं कि हमें सहज ही यह लाभ मिल रहा है।





**माया के झूले में झूल रहे हैं सभी जीव:** संतोषी लाल पाराशर ने कहा कि अनंत ब्रह्माण्ड ही एक झूला है, जिसमें संसार के सारे जीव झूल रहे हैं। चराचर जगत के समस्त प्राणी माया के झूलने में झूल रहे हैं। भगवान भक्ति महारानी के साथ झूला झूल रहे हैं। प्राणियों को संसार के झूले का तो दर्शन होता है लेकिन भगवान के झूले का दर्शन उसी को होता है जिस पर भगवान की कृपा होती है। जिस जीव के जीवन में रस नहीं है उसका जीवन ही नीरस है। ऐसे उदासीन का जीवन व्यर्थ है। जीव को तो सच्चे सुख की अनुभूति होती है रसमय रसस्वरूप सीताराम जी के आश्रय में। झूलन का यह सुख जीव को चौरासी लाख योनियों के नारकीय झूलन से बचाता है।

